**बिहार सरकार**
**लघु जल संसाधन विभाग**

प्र०–10 / ल०ज०स० / लो०सू०को० / आई०डी०क्र०–56 / 2026–27 /पटना, दिनांक–

प्रपत्र 'घ'
(नियम4(1) देखें)
सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में

प्रेषक,

**दिलीप कुमार चौधरी,**
अवर सचिव–सह–लोक सूचना पदाधिकारी,
लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

स्पीड पोस्ट–ई–मेल

**श्री सुमन कुमार सिंह,**
पता–ग्राम–बोड़ा पत्रालय–चकनत्थू,
थाना–अमडंडा, भाया–एकचारी,
जिला–भागलपुर, बिहार, पिनकोड–813204
मो0–7549220221, ई–मेल–sumansingh868@gmail.com

विषयः– **सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत् मांगी गई सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।**

प्रसंगः– **आपका सूचना आवेदन दिनांक–09.07.2026**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि आपके द्वारा मांगी गयी सूचना दो (02) पृष्ठों में संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

अनु0–यथोक्त्।

विश्वासभाजन
ह० / –
**दिलीप कुमार चौधरी,**
सरकार के अवर सचिव,
–सह–
लोक सूचना पदाधिकारी,
लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– 4754 /पटना, दिनांक– 21/7/26

प्रतिलिपिः– विभागीय आई०टी० कोषांग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अनु0–यथोक्त्।

**लोक सूचना पदाधिकारी,**
लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

e:\letter n notesheet\letter\letters 2.docx

# कार्यालय–कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, भागलपुर।

पत्रांक 631....../ल0सिं0प्र0, भागलपुर, दिनांक 26/05/2026

प्रेषक,

ई0 अभिषेक कुमार राय,
कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, भागलपुर।
मो0 नं0- 8210798942
ई0–मेल:eebhag-mi-bih@nic.in

सेवा में,

सचिव –सह–
द्वितीय अपीलीय प्राधिकार
(लोक शिकायत निवारण)
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

विषय :– परिवाद की अनन्य संख्या–9998801050226126801/2A

प्रसंग :– भवदीय पत्रांक–72/दिनांक–15.05.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा श्री सुमन कुमार सिंह, ग्राम–बोड़ा पाठकडीह, प्रखंड–सन्हौला, जिला–भागलपुर से प्राप्त शिकायत के आलोक में अनुरोधपूर्वक कहना है कि सन्हौला प्रखंड में पाठकडीह गांव के बोड़ा पाठकडीह पंचायत में उल्टा बांध पर "पाठकडीह वीयर का निर्माण कार्य" कराया जा रहा है। वर्तमान में इस योजना पर कार्य प्रगति में है। योजना का भौतिक प्रगति लगभग 80 प्रतिशत है। इस योजना का चयन सात निश्चय–2 के तहत "हर खेत तक सिंचाई का पानी" कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019–20 में सर्वेक्षण के दौरान किया गया था। इस योजना को विभागीय पोर्टल पर क्रम संख्या–63 पर देखा जा सकता है (छायाप्रति संलग्न)। परिवादी श्री सुमन कुमार सिंह, बोड़ा पाठकडीह, सन्हौला, भागलपुर के परिवाद पत्र में गेरूआ नदी पर बोडा इनटेक बेल–I के पास चेक डैम के निर्माण हेतु कहा जा रहा है जो कि उक्त योजना जो 15–17 मी0 चौड़ाई के लिए बनाया जा रहा है से भिन्न है। चयनित योजना स्थल से गेरूआ नदी पर इनटेक बेल–I की दूरी लगभग 02 कि0मी0 है साथ ही यहाँ पर नदी की चौड़ाई किनारे से किनारे लगभग 150 मी0 है एवं करीब 130 मी0 चौड़ाई में नदी का प्रवाह है। यह काफी बड़ी नदी है जिस पर चेक डैम का निर्माण इस विभाग के विभागीय मापदंड एवं मानक के अनुरूप संभव नहीं है। जो जल संसाधन विभाग द्वारा किया जा सकेगा। यह सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु सादर समर्पित।

अनु0 :– यथावत्।

विश्वासभाजन
26/05/26
कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, भागलपुर।
26/5/26